भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
प्रेस विज्ञप्ति

<u>भाविप्रा द्वारा अखिल भारतीय इंटर ज़ोनल टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन</u>

नई दिल्ली, **21 जनवरी 2020**: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के खेल प्रोत्साहन बोर्ड ने 21 जनवरी से 24 जनवरी, 2020 तक त्यागराज स्टेडियम, नई दिल्ली में अखिल भारतीय इंटर ज़ोनल टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया

कार्यक्रम का उद्‌घाटन अध्यक्ष, भाविप्रा श्री अरविंद सिंह द्वारा प्रसिद्ध टेबल टेनिस खिलाड़ी सुश्री इंदु पुरी की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर श्री अनुज अग्रवाल,सदस्य (मा.सं) भाविप्रा,श्री आई. एन. मूर्ति, सदस्य (प्रचालन,भाविप्रा और भाविप्रा के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। सुश्री पुरी पूर्व भारतीय अंतर्राष्ट्रीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी हैं और राष्ट्रीय महिला एकल खिताब की आठ बार विजेता रह चुकी है।

इस तीन दिवसीय टूर्नामेंट में भाविप्रा के सभी पाँच क्षेत्रों, उत्तर(उ.क्षे.)एपूर्व ;पूर्वी क्षे.) पश्चिम (प.क्षे.)ए दक्षिण (द.क्षे.)ए उत्तर पूर्व (उ.पू.क्षे) एवं सेंट्रल जोन (निगमित मुख्यालय) से 60 खिलाड़ी भाग लेंगे। श्री अरविंद सिंहए अध्यक्ष,भाविप्रा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि "खेल तनाव को दूर करने का एक सर्वोत्तम साधन है और भाविप्रा एक संगठन के रूप में अपने कर्मचारियों की जीवन शैली में खेलों को शामिल करने के महत्व को समझता है"।

निगमित संचार निदेशालय द्वारा जारी
कृपया अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:
महाप्रबंधक (नि. सं.) 011-24622787
प्रेस विज्ञप्ति सं 57/2019-20

श्री अरविंद सिंह अध्यक्ष भाविप्रापूर्व प्रसिद्ध टेबल टेनिस खिलाड़ी सुश्री इंदु पुरी, श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य (मा.सं) , भाविप्रा और श्री आई. एन. मूर्ति, सदस्य (प्रचालन, भाविप्रा की उपस्थिति में अखिल भारतीय इंटर ज़ोनल टेबल टेनिस टूर्नामेंट का उद्घाटन करते हुये।